भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1559

दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

कर्नाटक में जल जीवन मिशन के तहत नल जल कनेक्शन

1559. श्री जी. कुमार नायकः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 31 दिसंबर, 2024 तक जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत कर्नाटक में घरों को प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) जेजेएम के तहत कर्नाटक को कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) कर्नाटक में नल जल कनेक्शन लगाने और इन घरों में पेयजल आपूर्ति के प्रावधान की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति

(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (ग): कर्नाटक में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के शुभारंभ के समय, राज्य के 24.51 लाख ग्रामीण परिवारों (24.19%) के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, दिसंबर 2024 तक, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 58.90 लाख परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। दिनांक 10.02.2025 तक, राज्य के कुल 101.32 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 84.36 लाख (83.26%) परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

जेजेएम के अंतर्गत कर्नाटक को आवंटित निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(राशि करोड़ रुपये में)

वर्ष	**(जेजेएम केंद्रीय अंश)**	
	आवंटित निधि	**आहरित निधि**
2019-20	546.06	546.06
2020-21	1,189.40	446.36
2021-22	5,008.80	2,504.40
2022-23	5,451.85	2,725.93
2023-24	12,623.37	4,966.62
2024-25 (10.02.2025 तक)	3,804.41	570.66
कुल	**28,623.89**	**11,760.03**

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस (डी1)

****